उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 25.01.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी का अर्दली रूम एवं पैदल गश्त, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश...।






अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक 25.01.2026 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे की उपस्थिति में थाना चरखारी का अर्दली रूम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित थाना हाजा के समस्त विवेचकों की उपस्थिति में लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रत्येक प्रकरण की विवेचना की प्रगति का विस्तारपूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निस्तारण के लिए स्पष्ट एवं सख्त निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी तथा पारदर्शिता, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता, पीड़ितों के हितों की रक्षा एवं विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही विवेचकों को प्रोफेशनल अप्रोच अपनाते हुए प्रत्येक प्रकरण में उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

अर्दली रूम उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर थाना चरखारी क्षेत्र में प्रभावी पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की एवं जनसुरक्षा को लेकर उनकी समस्याओं को सुना।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने थानाध्यक्ष चरखारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त, सघन रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो एवं आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ बना रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 25.01.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर जनपद महोबा के पुलिसकर्मियों को विशिष्ट पुलिस पदकों से किया जाएगा सम्मानित

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के गौरवशाली अवसर पर जनपद महोबा में तैनात पुलिस विभाग के उन कर्मठ, निष्ठावान एवं साहसी अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन में उत्कृष्ट सेवा, शौर्य एवं अनुकरणीय कार्य प्रदर्शन किया है।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त विभिन्न श्रेणियों के पदकों से निम्न पुलिसकर्मियों को अलंकृत किए जाने की घोषणा की गई है—

1. निरीक्षक श्री गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी साइबर थाना
   ➡ पुलिस महानिदेशक उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह सेवा अभिलेख के आधार पर
2. उप निरीक्षक श्री शिव प्रताप सिंह, प्रभारी सर्विलांस/स्वॉट महोबा
   ➡ पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड), शौर्य के आधार पर
3. उप निरीक्षक (सशस्त्र पुलिस) श्री तेज सिंह यादव, प्रभारी आरटीसी महोबा
   ➡ विशिष्ट सेवा चिन्ह (राष्ट्रपति पदक)
4. आरक्षी अभिषेक दुबे, सर्विलांस सेल महोबा
   ➡ पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर), शौर्य के आधार पर
5. उप निरीक्षक श्री कृष्ण मुरारी मिश्रा, सम्बद्ध प्रयागराज
   ➡ पुलिस महानिदेशक उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सेवा अभिलेख के आधार पर

यह सम्मान पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। जनपद पुलिस परिवार को अपने इन जांबाज़ अधिकारियों/कर्मचारियों पर गर्व है, जिनकी कार्यशैली अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी जाती हैं।









# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 25.01.2026

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सर्किल कुलपहाड़ के सभी थानों का अर्दली रूम किया गया, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की प्रभावी पैदल गस्त...।

आज दिनांक 25.01.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड की उपस्थिति में सर्किल कुलपहाड़ के समस्त थानों का अर्दली रूम आयोजित किया गया।

अर्दली रूम में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार, व0 उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह (थाना अजनर) सहित सर्किल के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रत्येक प्रकरण की विवेचना प्रगति का विस्तारपूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निस्तारण हेतु स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए।

उन्होंने निर्देशित किया कि विवेचनाओं में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी तथा पारदर्शिता, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता, पीड़ितों के हितों की रक्षा एवं विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही विवेचकों को प्रत्येक प्रकरण में उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ प्रोफेशनल अप्रोच अपनाने के निर्देश दिए गए।

अर्दली रूम के उपरांत गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सर्किल कुलपहाड़ क्षेत्र में प्रभावी पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की एवं जनसुरक्षा से संबंधित समस्याओं को सुना।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त, सघन रात्रि गश्त तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो एवं आमजन में सुरक्षा का भाव और अधिक सुदृढ़ बना रहे।






